समाचार

संघ के पदाधिकारियों ने की आयुक्त से चर्चा

(आयुक्त श्री आलोक चन्द्रवंशी ने अधिकांश मांगों पर जताई सहमति, शासन स्तर की मांगों पर त्वरित रूप से की जाएगी पहल)

कोरबा 09 जुलाई 2015 –छत्तीसगढ़ स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आज आयुक्त श्री आलोक चन्द्रवंशी से संघ की मांगों के संबंध में विस्तार से चर्चा की। आयुक्त श्री चन्द्रवंशी ने निगम स्तर की मांगों पर अपनी सहमति जताते हुए इन पर आवश्यक कार्यवाही करने अधिकारियों को निर्देश दिये तथा कहा कि जो मांगे शासन स्तर की हैं, उनकी पूर्ति हेतु त्वरित रूप से शासन स्तर पर पहल की जाएगी।

नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित कक्ष में आयुक्त श्री आलोक चन्द्रवंशी के साथ छ.ग. स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों के एक प्रतिनिधि मण्डल ने कर्मचारियों की मांगों पर बिन्दुवार चर्चा की। यहां उल्लेखनीय है कि कर्मचारी संघ द्वारा पूर्व में 25 सूत्रीय मांगों से संबंधित मांग पत्र आयुक्त को प्रस्तुत कर आवश्यक कार्यवाही करने का अनुरोध किया था। समयसीमा में मांगों पर कोई कार्यवाही न होने पर विगत दिनों निगम के मुख्य लेखाधिकारी एवं सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी श्री पी.आर. मिश्रा को संघ ने आयुक्त के नाम से ज्ञापन सौपकर समस्याओं के त्वरित निराकरण की मांग की थी तथा मांगे पूरी न होने पर 10 जुलाई को गेटमीटिंग व धरना प्रदर्शन की योजना बनाई है। आज आयुक्त श्री चन्द्रवंशी ने संघ के पदाधिकारियों को चर्चा हेतु आमंत्रित किया था, बैठक के दौरान उक्त 25 सूत्रीय मांगों पर बिन्दुवार विस्तार से चर्चा हुई। निगम स्तर पर पूरी की जाने वाली अधिकांश मांगों पर आयुक्त श्री चन्द्रवंशी ने अपनी सहमति जताई तथा इन मांगों पर त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही के संबंध में दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये तथा कहा कि जो मांगे शासन स्तर पर पूरी होनी हैं, उनके संबंध में शासन स्तर पर पहल की जाएगी। बैठक के दौरान निगम के मुख्य लेखाधिकारी पी.आर. मिश्रा, संघ के अध्यक्ष गिरीश साहू, महामंत्री अली बख्श, वरिष्ठ उपाध्यक्ष व्ही.के. सारस्वत, कोषाध्यक्ष अरूण मिश्रा, संघ के मीडिया प्रमुख रावेन्द्र सिंह, आनंद दुबे, राजेश चन्द्रा, संतोष साहू, विमल गोयल, कमल लहरे, शत्रुहन सारथी, मनोज श्रीवास, सेवन राठौर, नरेश झा, विकास शुक्ला, श्री कश्यप आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

<u>10 जुलाई को होगी गेटमीटिंग</u>–छ.ग. स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के महामंत्री श्री अली बख्श ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 10 जुलाई को प्रातः 11 बजे निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित प्रवेशद्वार पर गेटमीटिंग आयोजित की जाएगी तथा आज आयुक्त श्री आलोक चन्द्रवंशी से हुई बैठक तथा सम्पन्न चर्चा के संबंध में समस्त अधिकारी कर्मचारियों को अवगत कराया जाएगा एवं संघ की आगामी रणनीति पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाएगा।

संपादकव्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
मीडिया प्रभारी
छ.ग. स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)